

# वन विभाग का गुढ़ में चल रहा मैनेजमेंट का खेल, एक माह बाद सामने आई जेसीबी

## वन नाके में खड़ी कराई गई मशीने, अधिकारियों के कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 4 अप्रैल, रीवा जिले के गुढ़ और बरसैता वन परिक्षेत्र में इन दिनों 'वन संरक्षण' नहीं,बल्कि 'वसूली और मैनेजमेंट' का खुला खेल चल रहा है. मीडिया द्वारा लगातार किए जा रहे खबरों के प्रकाशन ने उस घोटाले को बेनकाब कर दिया है, जिसे विभाग के आला अधिकारी दबाने की पुरजोर कोशिश कर रहे थे.**

एक महीने से सरकारी रिकॉर्ड और वन नाके से 'गुम' हुई दिलीप बिल्डकॉन कंपनी की जेसीबी और 5 डीजी कंप्रेसर मशीनें, मीडिया में लगातार प्रकाशित हो रही खबरों के दबाव में अचानक रात के अंधेरे में गुढ़ वन नाके पर खड़ी करा दी गई हैं.




सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब मशीनें जब्त थीं, तो वे एक महीने तक विभाग की कस्टडी से बाहर कहाँ थीं? क्या एसडीओ और रेंजर ने कंपनी को गुपचुप तरीके से मशीनें इस्तेमाल करने की छूट दे रखी थी? सूत्रों का कहना है कि जब मामले को मीडिया के द्वारा लगातार प्रकाशित किया गया जिससे उच्च अधिकारियों के डंडे का डर सताया, तब आनन फानन में इन मशीनों को वापस लाया गया. आज भी इन जिम्मेदार अधिकारियों के पास इस 'गायब और वापसी' के खेल का कोई कानूनी जवाब नहीं है. सूत्रो का दावा है कि पूरे खेल में वनकर्मी का हाथ है. चर्चित वनकर्मी बेटालाल के चलते ही पूरा खेल चल रहा है.

### बरसैता में बिछाया मौत का जाल

दिलीप बिल्डकॉन कंपनी ने बरसैता वन क्षेत्र को अवैध उत्खनन का अड्डा बना दिया है. यहाँ सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर भारी मात्रा में बारूद, डीटीएच और टीएलडी बिछाया गया है. जंगल के बीचों-बीच बिछाया गया यह 'मौत का सामान' किसी भी समय बड़े हादसे को न्योता दे सकता है. लेकिन एसडीओ, रेंजर और डिप्टी रेंजर की मिलीभगत ऐसी है कि उन्हें न तो वन्यजीवों की परवाह है और न ही इंसानी जान की. पकड़ी गई अन्य गाड़ियों पर अब तक पीओआर की पुष्टि क्यों नहीं की गई. क्या दिलीप बिल्डकॉन जैसी बड़ी कंपनी के सामने वन विभाग ने घुटने टेक दिए हैं. रीवा वन मंडल में कानून का नहीं, बल्कि 'मैनेजमेंट' का राज चल रहा है. यदि उच्च स्तरीय जाँच नहीं हुई, तो बरसैता के जंगल और वन्यजीवों का अस्तित्व खतरे में पड़ना तय है.

# ग्राम पंचायत जरहा में एक अप्रैल से पूर्ण शराबबंदी लागू, सरपंच का बड़ा निर्णय

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 4 अप्रैल, गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान की ग्राम पंचायत जरहा में 1 अप्रैल 2026 से पूर्ण शराबबंदी लागू करने का ऐलान किया गया है. यह घोषणा ग्राम पंचायत के सरपंच शिवेंद्र सिंह द्वारा गांव के हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय के रूप में सामने आई है.**



सरपंच शिवेंद्र सिंह ने बताया कि गांव में पैकारी के माध्यम से ठेकेदारों द्वारा शराब और अन्य नशीली सामग्री की बिक्री करवाई जा रही थी, जिससे युवा पीढ़ी तेजी से नशे की गिरफ्त में जा रही है. इसके साथ ही नशीली कफ सिरप, टैबलेट, गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों की तस्करी भी गांव में बढ़ रही थी, जिसे रोकना आवश्यक हो गया था. उन्होंने कहा कि इस निर्णय से पहले पूरे गांव के लोगों से चर्चा कर उनकी सहमति ली गई है. ग्रामवासियों ने भी इस पहल का समर्थन करते हुए कहा कि शराब और नशीले पदार्थों पर रोक लगने से युवाओं का भविष्य सुरक्षित होगा और गांव का वातावरण बेहतर बनेगा.

सरपंच ने यह भी बताया कि मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक रीवा को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की जाएगी. साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि जो व्यक्ति शराब या अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री करते हुए पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा उन्हें शासन की योजनाओं और खाद्यान्न वितरण से वंचित करने हेतु प्रस्ताव वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जाएगा. सरपंच शिवेंद्र सिंह ने कहा कि नशीले पदार्थों की बिक्री समाज को बदनाम कर रही है और आने वाली पीढ़ी को बर्बादी की ओर धकेल रही है, जिसे हर हाल में रोकना आवश्यक है.

# गुढ़ में कबाड़ दुकानों की आड़ में फल-फूल रहा चोरी का खेल, जिम्मेदार बेखबर

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 4 अप्रैल, गुढ़ में बढ़ती चोरी की वारदातें अब सामान्य घटनाएं बनती जा रही हैं, लेकिन इन सबके पीछे एक संगठित खेल पनपने की चर्चा ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं.**

नेशनल हाईवे 75 में सड़क में स्थित कबाड़ दुकान की भूमिका अब संदेह के घेरे में है. स्थानीय लोगों और व्यापारियों का साफ कहना है कि कबाड़ दुकानों पर बिना किसी पूछताछ के संदिग्ध सामान खरीदा जा रहा है. यही वजह है कि चोर बेखौफ होकर बिजली के तार, लोहे के एंगल, मशीनरी पार्ट्स और घर-दुकानों का सामान चुराकर सीधे कबाड़ बाजार में खपा रहे हैं. चौंकाने वाली बात यह है कि कई दुकानों पर न तो खरीद का रिकॉर्ड ठीक से रखा जाता है और न ही सामान बेचने वालों की पहचान दर्ज की जाती है. ऐसे में यह कारोबार चोरों के लिए सबसे सुरक्षित ठिकाना बनता जा रहा है. इधर, चोरी की घटनाओं से परेशान लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद न तो कबाड़ दुकानों पर सख्ती दिख रही है और न ही चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण. हालात यह हैं कि लोग अब खुद ही अपनी सुरक्षा के इंतजाम करने को मजबूर हो गए हैं. चोरों से परेशान लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जिले भर में कबाड़ दुकानों का सघन सत्यापन अभियान चलाया जाए, संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई हो और चोरी के नेटवर्क को जड़ से खत्म किया जाए. यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो रीवा जिले सहित गुढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति और बिगड़ सकती है. अब देखना है कि प्रशासन क्या करता है.

# वाह रे फूड विभाग अनदेखी पर सवाल

**नवभारत न्यूज**

**चाकघाट 4 अप्रैल। खाद्य सामग्री पर फूड विभाग एवं शासन को अंगूठा दिखाती कंपनियां उपभोक्ताओं को क्या जहर खिला रही हैं? इस बात का निर्णय कौन करेगा।**

वाकिया श्री स्वीट कार्न के बंद पैकेट का है, जो की पूरे जिले एवं अन्य शहरों में धड़ल्ले के साथ बिना पैकिंग डिटेल के बेचा जा रहा है, श्रीहरि कोल्ड स्टोरेज सिवनी मध्य प्रदेश द्वारा पैक किया गया स्वीट कार्न के रैपर पर न तो विक्रय मूल्य है और ना ही बैच नंबर निर्माण /पैकिंग इत्यादि की तारीख का कहीं कोई उल्लेख नहीं है। हमारे चाकघाट संवाददाता ने उक्त पैकेट को क्रय किया तो उस रैपर पर उक्त त्रुटि देखने को मिली। क्या यही फूड विभाग अथवा मध्य प्रदेश शासन की खाद्य सामग्री पर पैनी नजर रहती है, मांग है कि खाद्य सामग्री के पैकेट पर निर्धारित मानक का समावेश होना परम आवश्यक है।




जिससे उपभोक्ता अपने आप को ठगा न महसूस करें और न ही बीमारी को गले लगाए, उक्त कंपनी को तत्काल तलब कर उसे सुधार हेतु आदेशित किया जाना चाहिए जिससे खाद्य सामग्री के गुणवत्ता पर कोई सवाल न उठा सके।



सिरमौर चौराहे में सड़क के चारो तरफ लगे फल के ठेले

# धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 4 अप्रैल, श्री सिद्ध हनुमान जी सेवा विकास समिति द्वारा आयोजित श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से संगीत मय श्री रामचरितमानस सुंदरकांड का पाठ एवं भजन संध्या के साथ मनाया गया.**

उक्त अवसर पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया. वहीं पर हनुमान जी के लिए पूजा पाठ करने वाले भक्तों का ताता लगा रहा कार्यक्रम के दौरान लगभग 2 हजार लोगों ने पूजा पाठ में भाग लिया. संगीत में भजन का नेतृत्व अभिलाष सोनी एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया. कार्यक्रम के दौरान समिति अध्यक्ष डॉक्टर चिंतामणि पांडे उपाध्यक्ष विश्वनाथ मिश्र उपाध्यक्ष संतोष कुमार सोनी तथा शशि कुमार शर्मा सचिव श्याम लाल त्रिपाठी एवं शीतला प्रसाद मिश्रा दिनकर प्रसाद मिश्रा कोषाध्यक्ष श्रीनिवास त्रिपाठी तथा प्रोफेसर गया प्रसाद मिश्रा डॉक्टर प्रद्युमन शुक्ला विकास खंड चिकित्सा अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, बृजेश मिश्रा पटवारी कमल चतुर्वेदी काका चतुर्वेदी छोटू चतुर्वेदी अखिलेश श्रीवास्तव तथा अन्य भक्तगण उपस्थित रहे.



# हाटेश्वरनाथ धाम मंदिर से गो सम्मान यात्रा का हुआ शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 4 अप्रैल, वृंदावन में देश भर के संतो द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए चलाया जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत मऊगंज जिले में भी हनुमान जयंती तो अप्रैल से 8 अप्रैल 2026 तक चलाई जाने वाली को सम्मान यात्रा का शुभारंभ यात्रा के प्रदेश प्रभारी स्वामी कमल किशोर दास जी के मुख्य आतिथ्य तथा पचमठा रीवा से पधारे संत विजय शंकर ब्रह्मचारी जी महाराज के विशिष्ट आतिथ्य तथासमाजसेवी पन्नालाल शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से किया गया.**

इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वामी जी महाराज ने कहा कि इस अभियान को चलाने के लिए देशभर के संतों ने ब्रज की पवित्र भूमि में या निर्णय लिया है कि यह अभियानचार चरण में चलाया जाएगा पहले चरण यह जो गोसम्मन यात्रा चल रही है इसमें किसी भी व्यक्ति का नाम नहीं होगा पूर्ण समर्पण के साथ जो इस अभियान में जुड़ेगा वही सच्चा गोभक्त माना जाएगा और इसके लिए अगला चरण 27 अप्रैल को देश भर की 5000 तहसीलों में एक साथ प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के नाम संबोधित हस्ताक्षर अभियान सोप जाएगा उसके बाद दिल्ली में भूख हड़ताल उसके बाद संतों का आमरण अनशन और उसके बाद भी नहीं हुआ तो आगामी चुनाव में सबक सिखाने की तैयारी, की बात करते हुए स्वामी जी ने कहा कि यद्यपि आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार है जिसने अपने 2014 के घोषणा पत्र में भी कहा था की राम मंदिर कृष्ण जन्मभूमि तथा काशी विश्वनाथ मंदिर के साथ ही भारत से गो हत्या बंद करने का कानून लाया जाएगा एकमात्र भारतीय जनता पार्टी ही ऐसी पार्टी रही है जो सनातन धर्म के पक्ष में कार्य करती रही है और अन्य पार्टियों से उम्मीद भी नहीं की जा सकती आज तक किसी अन्य पार्टियों ने इस विषय पर जुबान तक नहीं खोली है इसलिए कल्याण भारती जनता पार्टी की सरकार से ही होना है और हमें उम्मीद है कि जब राम मंदिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बन गया काशी मथुरा बाकी है जैसे नारे चल रहे हैं तो निश्चित ही हमारा प्रयास दृढकल्प के साथ पूरे मनोयोग से रहा तो निश्चित व दिन दूर नहीं जो भारत की राष्ट्र माता के रूप में गौ माता संविधान में दर्जहोगी. सभा को विजय शंकर ब्रह्मचारी संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार संपत्ति दासगुप्त अध्यक्षता कर रहे पन्नालाल शुक्ला रिटायर्ड सैनिक श्री पाठक हनुमान फर्स्ट चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर के के गुप्ता आदि ने जहां संबोधित किया वहीं मऊगंज जिले के संयोजक अखिलेश पांडे ने पुरी यात्रा का विस्तृत वृतांत बताते हुए इसका समापन मऊगंज श्री हनुमान मंदिर में 8 अप्रैल को किए जाने का भी उल्लेख करते हुए समापन में अधिक से अधिक लोगों के उपस्थित रहने तथा यात्रा में आगे जाकर गौ माता के लिए तन मन धन से योगदान देने की बात कहीं. समूचे कार्यक्रम का सफल संचालन सहसंयोजक जाने माने साहित्यकार मोदक जी ने किया. समूचे कार्यक्रम की व्यवस्था ग्राम पंचायत हटा के सरपंच महेंद्र प्रताप सिंह ने जहां किया वहीं उनके द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया आयोजन समिति ने सरपंच श्री सिंह को व्यवस्था के लिए विशेष साधुवाद ज्ञापित किया. यात्रा को लेकर कई दिनो से तैयारी चल रही थी.

# जनपद पंचायत गंगेव के वार्ड क्रमांक 19 में विकास की ऐतिहासिक पहल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 अप्रैल, जनपद पंचायत गंगेव के वार्ड क्रमांक 19 में जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी के नेतृत्व एवं विकास तिवारी मित्र मंडल के समर्पित साथियों द्वारा जनभागीदारी और निजी व्यय से कराए जा रहे विकास कार्य आज पूरे क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण बन चुके हैं.**

क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं टोलों में व्यापक स्तर पर सड़कों का निर्माण एवं मजबूतीकरण कर न केवल वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान किया गया है, बल्कि ग्रामीणों के जीवन में एक नई सुविधा और सहजता भी लाई गई है.

जहाँ पहले लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, वहीं अब बेहतर सड़कों के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और दैनिक जीवन की गतिविधियाँ कहीं अधिक सुगम और सुलभ हो गई हैं. यह कार्य केवल विकास नहीं, बल्कि जनसेवा और समर्पण की एक मिसाल है, जिसमें बिना किसी सरकारी इंतजार के स्वयं के संसाधनों एवं जनता के सहयोग से क्षेत्र को नई पहचान देने का कार्य किया गया है.

इस ऐतिहासिक पहल ने यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और सेवा भावना के बल पर किसी भी क्षेत्र का कायाकल्प संभव है. क्षेत्रवासियों में इन कार्यों को लेकर भारी उत्साह और संतोष देखा जा रहा है. ग्रामीणों ने एक स्वर में विकास तिवारी मित्र मंडल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न केवल वर्तमान को सुधारते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत आधार तैयार करते हैं. जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि उनका उद्देश्य केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं.

# सालाना उर्फ 12 को

मऊगंज, 4 अप्रैल, हाफिज जी मियां बाबा का सलाना उर्स 12 अप्रैल दिन रविवार को धूमधाम से मनाया जायेगा. उर्स के इस खास मौके पर शामिल होकर शबाब हासिल करे. उर्स की तारीक की जानकारी दरगाह के खादिम मोहम्मद अली वारसी द्वारा दी गई. बाबा साहब अपने चाहने वाले को नेक दुआओं से नवाजेगे दरगाह पर जो भी आता है उसकी मुरादें पूरी होती हैं. उर्स को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई. उर्स में मऊगंज रीवा सहित आसपास के लोग भारी संख्या में पहुंचते है.

# जागृति चौपाल आश्रम ने सिलाई मशीन वस्त्र एवं राशन सामग्री का किया वितरण

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 4 अप्रैल, हनुमान जी के प्राकट्योत्सव पर जन जागृति चौपाल आश्रम अर्जुनपुर सलैया द्वारा जहां सुबह से ही अर्जुनपुर में सुबह-सुबह 10:00 से 2:00 तक चले कार्यक्रम में सुंदरकांड का सस्वर पाठ के पश्चात हनुमान जी महाराज की महा आरती की गई.**

तत्पश्चात सैकड़ो की संख्या में उपस्थित जरूरतमंद आबालवृद्ध नर नारियों को कंबल वस्त्र एवं राशन सामग्री आदि का वितरण किया गया. 2:30 बजे से 5:00 तक तहसील कार्यालय हनुमान के सामने स्थित संस्था के कार्यालय में संस्था के संरक्षक विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य के मुख्य आतिथ्य तथा क्षेत्र के जाने माने विद्वान पंडित चंद्रशेखर प्रसाद शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष जाने माने समाजसेवी तथा हनुमानजी के परम उपासक पंडित ललित शुक्ला द्वारा यहां पर भी 6 जरूरतमंद माता बहनों को सिलाई मशीनों के साथ ही 21 अन्य जरूरतमंद माता बहनों एवं जिन कन्याओं के विवाह होने हैं उन्हें तेल शक्कर एवं राशन सामग्री तथा साड़ियां एवं अन्य वस्त्र आदि वितरित किए गए. इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री वैद्य ने कहा कि जिस प्रकार से शुक्ला जी तथा उनकी धर्मपत्नी एवं पुत्र सभी इस दान कार्य में निस्वार्थ भाव से लगे हैं. वह दानवीर मोरध्वज की याद दिलाता है, अध्यक्षता कर रहे शास्त्री जी ने कहा कि जन जागृति चौपाल आश्रम के संस्थापक शुक्ल जीवन उनका पूरा परिवार जिस मनोयोग से इस कार्य में लगा है उसकी जितनी सराहना की जाए वह काम है उन्होंने मुख्य अतिथि श्री वैद्य को उनके उत्कृष्ट नाड़ी ज्ञान की सराहना करते हुए कहा कि इनके जैसा आयुर्वेदज्ञ मिलन आज के युग में दुर्लभ है वैद्य जी आज के युग का साक्षात धनवंतरी है. कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए वैद्य सम्पति दास ने श्री शुक्ला एवं उनकी धर्मपत्नी तथा पुत्र मोहित उपाख्य सन्नी शुक्ला के समाज सेवा की पराकाष्ठा का उल्लेख करते हुए कहा कि पुत्र पिता का प्रतिबिंब माना जाता है जो उनके पुत्र में स्पष्ट परीक्षित हो रहा है और उनकी धर्मपत्नी जिसे धर्मपत्नी कहा जाता है उसके सारे गुण दिखाई दे रहे हैं. इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष पंडित ललित शुक्ला ने उनके बारे में कह गए वचनों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह मेरी कोई बधाई नहीं यह हनुमान जी महाराज की कृपा का परिणाम है मैं तो एकमात्र सेवक हूं उन्होंने यह भी बताया कि 15 अगस्त 2026 से इसी कार्यालय में वाचनालय का शुभारंभ किया जा रहा है. श्रीमद् भागवत गीता के अध्ययन व अध्यापन से शुभारंभ किया जाएगा.

# ब्लाक नगर व एनएसयूआई के संयुक्त तत्वावधान में होगा धरना प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**सिरमौर 4 अप्रैल। सिरमौर क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती, जले हुए ट्रांसफार्मर एवं मनमाने बिजली बिलों से आम जनता, किसान एवं गरीब आदिवासी परिवार गंभीर रूप से परेशान हैं। इसके साथ ही क्षेत्र में गैस सिलेंडर की उपलब्धता की समस्या तथा ग्राम पंचायतों में संचालित गौशालाओं में अनियमितताओं के मामले भी सामने आ रहे हैं।**

इन सभी जनसमस्याओं को लेकर प्रशासन को पूर्व में अवगत कराया जा चुका है, किंतु अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। इसी के विरोध में दिनांक 07 अप्रैल 2026 को सिरमौर अनुविभागीय दंडाधिकारी



(स्डरू) कार्यालय का घेराव किया जाएगा। यह कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस, नगर कांग्रेस सिरमौर एवं हस्ढ्ढ के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्र के अनेक ग्राम पंचायतों के किसान, नौजवान एवं आमजन शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन का ध्यान क्षेत्र की जमीनी समस्याओं की ओर आकर्षित करना एवं शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराना है। यदि समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# हनुमान जी के प्राकट्य महोत्सव पर हनुमना में निकाली गई शोभा यात्रा, जगह-जगह वितरित हुआ प्रसाद

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 4 अप्रैल, हनुमान जी की पवित्र नगरी हनुमना में हनुमान जी के प्राकट्य उत्सव पर जहां जगह-जगह विभिन्न आयोजन हुए, वहीं नगर में शोभायात्रा निकाली गई.**

लोगों ने अपने-अपने द्वार पर भगवान की आरती उतार कर भक्तों के स्वागत में अनेक व्यंजन तथा विभिन्न प्रकार के प्रसाद वितरित किए रात्रि 8:00 बजे नगर आराध्य श्री हनुमान जी महाराज की महा आरती व खीर लड्डू,बूंदी फ्रूटी जलजीरा फल आदि अनेक तरह के प्रसाद वितरित किए गए. उल्लेखनीय है कि हनुमान जी की पवित्र नगरी हनुमना में श्री हनुमान जी महाराज के प्राकट्य उत्सव पर जहां सुबह से ही विभिन्न हनुमान जी के मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा वहीं शाम 4:00 बजे से प्राचीन से लक्ष्मी नारायण मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई. जिसमें नगर के समस्त डीजे तथा चार-चार रथों पर सवार राम लक्ष्मण जानकी हनुमान जामवंत शिव पार्वती गणेश आदि की वेशभूषा में सजे कलाकार रथों पर सवार होकर रोड लाइट की आकर्षक व मनमोहक झांकियां के साथ ऊपर से आगे आगे भगवान राम लक्ष्मण जानकी तथा श्री हनुमान जी का रथ चल रहा था लोग भगवान के रथ के सामने पलक पांवड़े बिछाए आरती करते भोग लगाते प्रसाद वितरण करते अपने आप को धन्य धन्य मानरहे थे. यात्रा में शामिल सभी के गले में रामनामी दुपट्टा भगवा कलर का तथा भगवा कलर की गदा धारण किए चल रहे थे. जगह-जगह इतना स्वागत हुआ कि स्वागत ग्रहण करके लोग अभिभूत थे. शोभायात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर से चलकर चकरा टोला होते हुए सीधी रोड से गांधी पार्क स्वामी माधवाचार्य जी महाराज की तपस्थली रामलीला मैदान मध्यांचल ग्रामीण बैंक से मेंन रोड पर आकर नवीन नगर परिषद कार्यालय तक गई वहां से वापस हो सीधी रोड होकर श्री रामानुज आयुर्वेदिक औषधालय होते हुए नगर आराध्य श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर पहुंची जहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का पूजा पाठ करने का सिलसिला जारी था मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया था खीर प्रसाद तथा फलों का प्रसाद जलजीरा एवं फ्रूटी आदि जैसे प्रसाद वितरित होते रहे जो 11:00 बजे रात तक चलता रहा वहीं 8:00 बजे रात्रि यात्रा वापस पहुंचते ही हनुमान जी महाराज की महा आरती की गई और दिव्य प्रसाद वितरित किया गया. तहसील रोड स्थित आदिवासीछात्रावास हनुमान मंदिर परिसर से भी एक उप शोभायात्रा निकाली गई जो विकास गुप्ता डाकघर एजेंट की अगुवाई में मोटव की पहाड़ी तथा विद्युत विभाग के कार्यालय तक जाकर श्रद्धालुओं के साथ आकर मार्केट में मुख्य यात्रा जो लक्ष्मी नारायण मंदिर से निकल गई के साथ सम्मिलित हो गई. यात्रा प्रारंभ होने के साथ ही लक्ष्मी नारायण मंदिर में सर्वप्रथम भगवान की विधिवत पूजा अर्चना के साथ सभी को भगवा कलर की रुमाल एवं भगवा कलर की गदा तथा राम नाम अंकित भगवान श्री राम एवं हनुमान जी के चित्र वाली पत्तियां सभी को गले में धारण कराई गई बच्चों से लेकर बहन बेटियों माता एवं युवा वृद्धो को भी भगवा रंग में रंग दिया गया. नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता ने भगवान की आरती कर सभी को रूआब्जा का शरबत पिलाया, वहींनवीन नगर परिषद कार्यालय के समीप श्रीधर गुप्ता की टीम द्वारा दम आलू प्रसाद तथा सीधी रोड में कल पान वाले एवं अनिल गुप्ता सब्जीवाले की टीम द्वारा थम्स अप स्प्राइट कोका-कोला आदि का वितरण किया गया तो सत्यम ध्रुव कुमार ऊधौ दास द्वारा अपने द्वार पर हलुवा एवं दम आलूप्रसाद तथा लालचंद भुजवाद्वार पानी पाउच के माध्यम से भक्तों का स्वागत किया जाता रहा. इस यात्रा में रेवती रमन गुप्ता राजा बाबू केसरी तारकेश्वर गुप्ता अजय गुप्ता विट्ठलनाथ केसरी संतोष कुमार गुप्त अजेंद्र कुमार गुप्त रोहित उपाख्य रितेश केसरी, श्रीधर केसरी व्यापार मंडल अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, विक्की गुप्ता, टीवीएस एजेंसी इंद्र कुमार केसरवानी विष्णु दासगुप्त किसुनदास गुप्त संचालक सुरेश कुमार गुप्ता, पत्रकार सम्पतदास गुप्त, सरोज गुप्ता श्याम बाबू गुप्ता टिंकल केसरी, प्रेम तिवारी, रमेश जायसवाल मौजूद रहे.

### श्रीरामानुज आयुर्वेदिक औषधालय में पूजा

श्री रामानुज आयुर्वेदिक औषधालय स्थित दिव्या श्री बैकुंठम, में जहां हनुमान जी का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया वहीं शोभायात्रा के पहुंचने पर औषधालय परिवार द्वारा भगवान की विधिवत पूजा अर्चना की गई. इसअवसर पर पुलिस व्यवस्था की कमान संभाले थाना प्रभारी अनिल काकडे तथा यातायात प्रभारी नरेश प्रताप सिंह पूरी यात्रा के दौरान दलबल के साथ मौजूद रहे.